कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा–मा./पीएसपी/अ–2/नियमित प्रबोधन/2024/19823 दिनांकः 27-11-2024

आदेश

राज्य में संचालित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों को विभाग द्वारा जारी शिविरा कलेण्डर की पूर्णतया पालना करना अनिवार्य है। ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन अवधि में विद्यालय संचालन का समयानुरूप विवरण अग्रानुसार है –

विद्यालय का प्रकार	ग्रीष्मकाल में विद्यालय संचालन का समय	शीतकाल में विद्यालय संचालन का समय
एक पारी विद्यालय	प्रात 7:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक	प्रातः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक
दो पारी विद्यालय	प्रातः 7:00 – सांय 6:00 बजे तक (प्रत्येक पारी 5:30 घंटे)	प्रातः 7:30 – सांय 5:30 बजे तक (प्रत्येक पारी 5:00 घंटे)

विभाग के संज्ञान में आया है कि **राज्य में संचालित समस्त गैर सरकारी विद्यालयों द्वारा वर्तमान में शिविरा कलेण्डर की पूर्णतया पालना नहीं की जा रही है।** शीत ऋतु में सर्दी बढने के उपरान्त भी विद्यालय का संचालन पूर्ववर्त ही किया जा रहा है, जिससे अध्ययनरत बालकों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। **अतः विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित समस्त गैर सरकारी विद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि विद्यालय का संचालन विभाग द्वारा जारी शिविरा कलेण्डर के अनुसार ही किया जाना सुनिश्चित करावें।**

यदि किसी गैर सरकारी विद्यालय द्वारा शिविरा कलेण्डर की पूर्णतयाः पालना नहीं की जाती है तो संबंधित विद्यालय के विरूद्ध **राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिनियम 1989 नियम 1993** में वर्णित प्रावधानों के अनुसार मान्यता/क्रमोन्नति प्रत्याहरित किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

आशीष मोदी
(आई.ए.एस.)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री, स्कूल शिक्षा, राजस्थान जयपुर
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर
3. राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर
4. निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर
5. शासन उप सचिव, स्कूल शिक्षा (ग्रुप–5) राजस्थान सरकार, जयपुर
6. संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) समस्त संभाग
7. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, समस्त
8. स्टाफ ऑफिसर, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, कार्यालय हाजा
9. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक/माध्यमिक समस्त
10. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त
11. संबंधित संस्था प्रधान/सचिव........
12. रक्षित पत्रावली

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा

Document certified by ASHISH MODI <ASHISHMODI.KGP@GMAIL.COM>.

Digitally Signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date :27-11-2024 09:57:03

RajKaj Ref No.: 12056527